आकाशवाणी केन्द्र शिमला
25.07.2024/प्रादेशिक समाचार/1800बजे

भेंट

हिमाचल प्रदेश प्रशासनिक सेवाएं अधिकारियों के एक प्रतिनिधिमंडल ने आज शिमला में मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू से भेंट की। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश के लोगों को गुणवत्तापूर्ण सेवाएं प्रदान करने के लिए राज्य सरकार विभिन्न क्षेत्रों में निरंतर सुधार कर रही है। उन्होंने कहा कि सरकार की इन पहलों का लाभ आम जनता तक पहुंचाने में प्रदेश के प्रशासनिक अधिकारी महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार शिक्षा व स्वास्थ्य क्षेत्र को प्राथमिकता प्रदान कर रही है और जनता के हितों को ध्यान में रखते हुए इन क्षेत्रों में सुधार की दिशा में कदम उठाए जा रहे हैं। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों से प्रदेश के लोगों की आशाओं और आकांक्षाओं को पूरा करने के लिए समर्पण भाव व कर्तव्यनिष्ठा से कार्य करने का आह्वान किया।

शांडिल

स्वास्थ्य मंत्री कर्नल धनीराम शांडिल ने कहा है कि प्रदेश में राज्य रैडक्रॉस द्वारा आयोजित की जाने वाली विभिन्न गतिविधियों में नौवीं से बारहवीं कक्षा के विद्यार्थियों को प्राथमिक उपचार सुविधा प्रदान करने के लिए प्रशिक्षित किया जाएगा। शिमला में आज राज्य रैडक्रॉस समिति की बैठक की अध्यक्षता करते हुए उन्होंने कहा कि प्रदेश में पहली बार स्कूली छात्र रैडक्रॉस में शामिल किए जाएंगे। शांडिल ने बताया कि इसके लिए प्रदेशभर में प्रशिक्षण शिविर आयोजित कर विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र भी प्रदान किए जाएंगे। स्वास्थ्य मंत्री ने रैडक्रॉस के माध्यम से प्रदेश में अधिक से अधिक पौधरोपण अभियान के आयोजन पर भी बल दिया। शांडिल ने कहा कि राज्य रैडक्रॉस द्वारा पी.जी.आई. सैटेलाइट केन्द्र ऊना के समीप सराय भवन के निर्माण के लिए 50 लाख रूपए प्रदान किए गए हैं।

बाली

प्रदेश पर्यटन विकास निगम के अध्यक्ष आर.एस. बाली ने कहा है कि राज्य सरकार युवाओं को रोज़गार के अवसर उपलब्ध करवाने के लिए प्रतिबद्ध है। कांगड़ा ज़िला के नगरोटा में आयोजित रोज़गार मेले के दौरान युवाओं को संबोधित करते हुए उन्होंने ये बात कही। बाली ने कहा कि युवाओं को स्वरोज़गार आरम्भ करने के लिए कौशल विकास निगम के माध्यम से प्रशिक्षण की सुविधा प्रदान की जा रही है। उन्होंने कहा कि स्वयं सहायता समूहों की आर्थिकी सुदृढ़ करने के लिए उनके उत्पादों के विपणन की भी बेहतर व्यवस्था की जा रही है।

हथकरघा

कुल्लू ज़िला की लीलावंती का चयन राष्ट्रीय हथकरघा पुरस्कार के लिए हुआ है। जिससे जिले में खुशी का माहौल है। लीलावंती को वर्ष 2023 के राष्ट्रीय हथकरघा पुरस्कार के लिए चयनित किया गया है और यह पुरस्कार उन्हें भारत सरकार द्वारा आगामी माह में प्रदान किया जाएगा। राष्ट्रीय पुरस्कार के लिए चयनित होने पर लीलावंती ने खुशी जाहिर करते हुए कहा कि उनकी वर्षों की मेहनत का फल मिल गया है। गौरतलब है कि लीलावंती ने बुनकर व हथकरघा के क्षेत्र में महारत हासिल की है और वे कुल्लवी शाल, स्टाल, मफलर, पट्टू व टोपी बनाने की कुशल कारीगर है। उन्होंने कहा कि हथकरघा से ही उनके परिवार की आर्थिकी मजबूत हुई है और परिवार का पालन पोषण हो रहा है।

हर्ष महाजन

राज्यसभा सांसद हर्ष महाजन ने नई दिल्ली में केन्द्रीय राजमार्ग व सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी से भेंट कर हिमाचल के विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की। इस दौरान हर्ष महाजन ने केन्द्रीय बजट में हिमाचल का विशेष ध्यान रखने के लिए केन्द्र सरकार का आभार जताया। उन्होंने कहा कि रेल बजट में भी हिमाचल को रिकॉर्ड बजट प्राप्त हुआ है जिससे प्रदेश में रेल अधोसंरचना को मज़बूती मिलेगी।

करगिल– विजय दिवस

करगिल विजय दिवस की 25वीं वर्षगांठ कल 26 जुलाई को मनाई जाएगी। इस उपलक्ष्य में जम्मू–कश्मीर के द्रास के लामोचेन पॉइंट पर एक कार्यक्रम का आयोजन हुआ। इस आयोजन में युद्ध के नायकों, रक्षा कर्मियों के रिश्तेदारों और स्थानीय लोगों ने भाग लिया। कारगिल विजय दिवस की रजत जयंती के भव्य उत्सव की मेजबानी के लिए द्रास में युद्ध स्मारक पूरी तरह से तैयार है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कल होने वाले इस कार्यक्रम में प्राणों की आहुति देने वाले शहीदों को श्रद्धांजलि देंगे। समारोह के दौरान सुरक्षा के पर्याप्त प्रबंध किए गए हैं। करगिल विजय दिवस का रजत जयंती समारोह करगिल युद्ध के दौरान भारतीय सशस्त्र बलों की वीरता और बलिदान की याद में मनाया जा रहा है।

विजय दिवस–शिमला

इधर, कारगिल विजय के 25 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में शिमला स्थित मुख्यालय सेना प्रशिक्षण कमान द्वारा ऐतिहासिक रिज मैदान पर दो दिवसीय कारगिल विजय दिवस रजत जयंती महोत्सव मनाया गया। इस दौरान सेना के हथियार और उपकरण प्रदर्शन व मुफ्त चिकित्सा शिविर के अलावा अनेक कार्यक्रम आयोजित किए गए। इस बीच भाजपा करगिल विजय दिवस की वर्षगांठ को दो चरणों में मना रही है। राज्यसभा सांसद सिंकदर कुमार ने बताया कि पहले चरण में आज विजय दिवस की पूर्व संध्या पर प्रत्येक मंडल में मशाल रैलियां निकाली जा रही है।